हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय

'सामान्य प्रशासन शाखा'

संख्याः 7-1/81-हि.प्र.वि.वि.(प्रशासन) खण्ड-9 दिनांकः 21 JUL 2026

**"परिपत्र"**

इस कार्यालय के परिपत्र दिनांक 18.07.2026 के अनुक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, गैर शिक्षक व छात्र समुदाय को सूचित किया जाता है कि माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व छात्रों को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में बढ-चढ कर भाग लेने हेतु अनुरोध करने हेतु आदेशित किया है। अतः विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, गैर शिक्षक व छात्र समुदाय से पुनः अनुरोध है कि वह विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह दिनांक 22.07.2026 में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढाऐं। यहाँ यह भी सूचित किया जाता है कि इस अवसर पर सभी कर्मचारियों/ छात्रों को दोपहर व रात्री को पैक्ड वर्किंग लंच/ पैक्ड वर्किंग रात्री भोज भी वितरित किया जाएगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष पर सभी संकायों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों/विभागाध्यक्षों, विश्वविद्यालय कोर्ट व कार्यकारिणी परिषद् के सदस्यों/ पुलिस विभाग के कर्मचारियों/ पुलिस बैन्ड के सदस्यों के लिए दोपहर को विश्वविद्यालय के संकाय भवन में तथा स्थापना दिवस समारोह हेतु गठित समितियों के संयोजकों एवं सदस्यों तथा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों व आयोजकों हेतु रात्री भोजन हेतु पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन संस्थान के भवन के हॉल में व्यवस्था की गई है।

माननीय कुलपति महोदय जी द्वारा यह भी सूचित करने हेतु आदेशित किया है कि सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के कारण दिनांक 22.07.2026 को छात्रावासों में छात्रों की वापसी का समय रात्री 8:00 बजे के बजाए रात्री 9:30 बजे तक रहेगा और विश्वविद्यालय की बसें विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम की समाप्ति के उपरान्त ही सभी निर्धारित रूटों के लिए प्रस्थान करेंगी।

कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्याः उपरोक्त। दिनांक 21 JUL 2026

प्रतिलिपिः

1. अधिष्ठाता, अध्ययन/ छात्र कल्याण/ मुख्य छात्रपाल हि.प्र.वि., शिमला-5
2. अधिष्ठाता, योजना एवं शिक्षक मामले/महाविद्यालय विकास परिषद्, हि.प्र.वि., शिमला-5
3. पुस्तकालयाध्यक्ष/समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष/ निदेशक, शैक्षणिक विभाग, हि.प्र.वि., शिमला-5
4. निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र, शिमला-5/शारीरिक शिक्षा/ पी.ई. सी.सी/ ए.ई. आर.सी./ यू. सी. बी. एस./ यू. आई. एल. एस./सी. सी. एस/यू. आई. टी./ एचआरडीसी/डी.आई.एस./ आई. क्यू.ए.सी., हि. प्र. वि. शिमला-5
5. वित्त अधिकारी/ परीक्षा नियन्त्रक/ अतिरिक्त परीक्षा नियन्त्रक/ संयुक्त नियन्त्रक/आन्तरिक लेखा अधिकारी/ जन सम्पर्क अधिकारी, हि.प्र.वि., शिमला।
6. मुख्य सुरक्षा अधिकारी, हि.प्र.वि., शिमला को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. अधिशासी अभियन्ता (निर्माण/रख-रखाव), हि.प्र.वि., शिमला-5
8. सहायक अभियन्ता (विद्युत), हि.प्र.वि., शिमला-5
9. समस्त अनुभाग अधिकारी, हि.प्र.वि., शिमला।
10. विशेष निजी सचिव/ वरिष्ठ निजि सचिव/ निजि सचिव, कुलपति/ प्रतिकुलपति/ कुलसचिव, हि.प्र.वि., शिमला।
11. रक्षक मिसिल।

कुलसचिव